दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, सोमवार 24 दिसम्बर 2018

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# निगम चुनाव में कमल

ऐसे वक्त में जब भाजपा हिंदी बेल्ट के तीन प्रमुख राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगी चोट को सहला रही है, हरियाणा के पांच नगर निगमों पर प्रभावी जीत उसके लिये खुशफहमी का मौका है। सत्ता पक्ष इसे अपनी बड़ी कामयाबी और चार साल के काम पर जनता की मोहर के रूप में व्याख्या कर सकता है। इसे अपनी सरकार की लोकप्रियता भी बता सकता है। नि:संदेह जीत इस मायने में बड़ी है कि राज्य में इनेलो व बसपा के बैनर तले और कांग्रेस के खुले समर्थन से प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें भाजपा जीती है। राज्य में पहली बार हुए सीधे चुनावों के परिणाम किसी हद तक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल जरूर बढ़ा सकते हैं। लेकिन इन परिणामों को अगले साल होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव का रुझान कह देना अतार्किक होगा। कांग्रेस ने यह चुनाव पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ नहीं लड़ा था। फिर भी इन चुनावों में भाजपा की एकतरफा जीत का प्रतीकात्मक महत्व तो है ही। जिसके निष्कर्षों की भाजपा अपनी सुविधा के अनुसार व्याख्या कर सकती है। मगर वह इसे अपने कामकाज पर जनता की मोहर लगने जैसे दावे नहीं कर सकती।

बहरहाल, इन चुनावों का एक निष्कर्ष तो साफ है कि शहरी मतदाताओं का नरेंद्र मोदी व खट्टर सरकार से मोहभंग नहीं हुआ है। वैसे भाजपा जिस शहरी समाज का प्रतिनिधि दल माना जाता रहा है, वही इन चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाता भी है। हरियाणा का जो ग्रामीण मतदाता है, उसके मिजाज का पता इन चुनावों से नहीं लगाया जा सकता। उस तबके का भी नहीं जो सरकार से कर्ज माफी की आस लगाये राजनीतिक बदलाव का वाहक बनता नजर आ रहा है। नि:संदेह भाजपा यदि इन जीत के समीकरणों को ग्रामीण इलाकों में दोहरा पाये तो उसकी आगे की राह निष्कंटक रह पायेगी। पानीपत की कामयाबी भाजपा के लिये मेयर व सभासदों के रूप में गद्गद करने वाली है, जहां मेयर प्रत्याशी बड़े अंतर से व सबसे अधिक पार्षद जीते हैं। वहीं मुख्यमंत्री के चुनाव क्षेत्र करनाल, हिसार, रोहतक व यमुनानगर में भी पार्टी ने कामयाबी की इबारत लिखी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में भाजपा का मेयर चुना जाना भी पार्टी की उपलब्धि है। मगर पार्षदों के मामले में पार्टी अन्य शहरों में बहुत बेहतर नहीं कर पाई है। नि:संदेह पार्षद के चुनाव को स्थानीय मुद्दे प्रभावित करते हैं। बहरहाल, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चुनावों को नाक का प्रश्न बनाकर खूब मेहनत की और पार्टी ने बेहतर टीमवर्क से कामयाबी की इबारत लिखी।

# राजकोषीय लक्ष्य में चूक का प्रतिकूल असर होगा: वित्त आयोग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वित्त आयोग के चेयरमैन एन.के. सिंह ने शनिवार को राजकोषीय लक्ष्य हासिल करने में चूक को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इसका देश की स्थिर वृहद आर्थिक परिदृश्य और निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वित्त आयोग की यह टिप्पणी मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत कुछ राज्यों द्वारा किसानों की कर्ज माफी के बाद आई है।



सिंह ने आशंका जताई कि कुछ राज्य राजकोषीय लक्ष्य की प्राथमिकता के अनुरूप नहीं चल रहे हैं। पहले ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि संस्थागत तंत्रों के माध्यम से केंद्र और राज्य के संबंधों को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने यहां स्कॉच सम्मेलन में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को श्रम, भूमि और पूंजी जैसे उत्पादन कारकों से जुड़े सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर गौर करना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सभी संस्थागत संरचनाओं का फिर से निरीक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर के स्तर पर पहुंच रही है तथा यह अभी और आगे बढ़ेगी लेकिन इसमें अभी भी चुनौतियां बरकरार हैं।

उन्होंने कहा, हां, भारत की प्रति व्यक्ति आय और बढ़ेगा, हां, भारत में 2030 या 2040 तक बदलाव आयेगा लेकिन सभी का कहना है कि भारत तब भी तुलनात्मक रूप से गरीब देश बना रहेगा।

# सस्ता हुआ सोना और चांदी

**इंदौर (आरएनएस)।** सप्ताहांत सोने तथा चांदी में खरीदी कमजोर रही। इस बीच विदेशी बाजार में खासा उलटफेर हुआ। सोना करीब 200 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता बिका वहीं मांग घटने से चांदी 575 रुपये किलो कम होकर बिकी।



कारोबार की शुरूआत में सोना 32260 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार को 32060 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में कारोबार की शुरूआत 38075 रुपये पर हुई वहीं अंतिम दिन चांदी में 37450 रुपये प्रति किलो के स्तर पर सौदे हुए। व्यापारियों के अनुसार सप्ताहांत सोना ऊंचे में 32380, नीचे में 31825 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 38125 तथा नीचे में 37325 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चालू महीने में शादियों के मुहूर्त नहीं होने से लग्नसरा मांग थमी रही। चांदी सिक्का 625 रुपये प्रति नग की मजबूती लिए रहा।

# अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने नहीं करना होगा 18 तक के होने का इंतजार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कार या बाइक चलाने के लिए आधिकारिक रूप से आपको 18 साल के होने तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की उम्र बदलाव करने की तैयारी में है। अगर यह बदलाव हो जाता है तो आप 18 नहीं बल्कि 16 साल में ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकेंगे।



रिपोर्ट्स की मानें तो, इसके लिए आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी की जा सकती है। हालांकि इसमें कुछ शर्तें भी होंगी जिसमें 2 पहिया वाहन कितने सीसी का होगा और अधिकतम रफ्तार शामिल होगी। इसके साथ ही वाहन की इंजन क्षमता 4.0 किलोवॉट तक ही सीमित होगी। हालांकि यहां गौर करने वाली बात यह है कि भारत में बिना गेयर वाले वाहनों को देखें तो सभी 50 सीसी से दोगुना क्षमता वाले हैं। इसके लिए सड़क एवं परिवहन मंत्रालय बहुत जल्द 50 सीसी क्षमता वाले इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में उतारने की तैयारी कर रहा है जिन्हें टीनएजर्स को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा और इन वाहनों की अधिकतम स्पीड 70 किमी प्रति घंटा से अधिक नहीं होगी।

# भारतीय तीरंदाजी संघ पर बी.वी.पी. राव पैनल का कब्जा


**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय तीरंदाजी संघ के शनिवार को संपन्न हुए चुनावों में बी.वी.पी. राव पैनल ने विजय हासिल की है। राव को संघ का अध्यक्ष चुना गया तो वहीं महासिंह को सचिव तथा डी.के. विद्यार्थी को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। राव पैनल की जीत ने संघ पर 45 साल तक चले आ रहे वी.के. मल्होत्रा के रुतबे को समाप्त कर दिया है।



जीत के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह देश में तीरंदाजी के प्रशासनिक ढांचे को सुधारने की कोशिश करेंगे जो हालिया दौर में नजरअंदाजी से गुजरा है। राव ने कहा, हम पहले से ही रणनीति बनाएंगे और राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को समय से करवाएंगे ताकि राज्य संघ समय से अपनी टीमें तैयार कर सकें। मैं वादा करता हूं कि तिरंदाजी का सालाना कार्यक्रम बनाया जाएगा जिसे सख्ती से लागू किया जाएगा। राव ने साथ ही कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए भी तय समय में टीम का चयन करेंगे और चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएंगे। उन्होंने कहा, हम भारतीय टीम का चुनाव पहले से करेंगे। यह चयन, चयन प्रक्रिया के मापदंडों को ध्यान में रखकर किया जाएगा जिससे हर खिलाड़ी अवगत होगा। साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की मदद से भारतीय टीम का चयन करेंगे और टीम को जरूरी ट्रेनिंग, साधन भी मुहैया कराएंगे।

# वैश्विक रुख, रुपये के उतार-चढ़ाव से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप होने से जुड़े घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों के रुख और रुपये के उतार-चढ़ाव से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि दिसंबर श्रृंखला के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से भी शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव रह सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर दीवार बनाने के लिए पैसा मांगे जाने पर शनिवार को अमेरिका सरकार का कामकाज आंशिक रूप ठप हो गया। इस बीच, खबरों में कहा गया है कि ट्रंप ने निजी रूप से अधिकारियों के साथ फेडरल रिजर्व प्रमुख जेरोम पॉवेल को हटाने पर विचार किया है। पॉवेल द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने से ट्रंप नाराज हैं। यदि पॉवेल को पद से हटाया जाता है तो इससे वैश्विक बाजारों में 'बेचैनी' बढ़ेगी और निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि कुछ वस्तुओं पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती और वृहद आर्थिक बुनियाद में सुधार से भारतीय शेयर बाजारों में तेजी रह सकती है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और औद्योगिक उत्पादन बढ़ने से घरेलू वृहद परिदृश्य सुधरा है। इसके अलावा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति घटने से रिजर्व बैंक को अपने रुख को धीरे-धीरे सख्ती से तटस्थ करने की गुंजाइश मिली है।



# फुटबाल : गिरोना ने गेटाफे को ड्रॉ पर रोका

**गिरोना (आरएनएस)।** बर्नाडरे एस्पिनोसा के आखिरी समय में किए गए गोल की मदद से गिरोना ने स्पेनिश लीग के एक मैच में गेटाफे को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। समाचार एजेंसी एफे की रिपोर्ट के अनुसार, गेटाफे के पास 18वें मिनट में बढ़त लेने का मौका था लेकिन मोलिना के शॉट को गिरोना के गोलकीपर यासिन बौनोनु ने सेव कर दिया।

41वें मिनट में गिरोना के बोजा गार्सिया भी दो बार मौका चूक गए और पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में 61वें मिनट में एंजेल लुईस ने आखिरकार गोल कर गेटाफे को 1-0 की बढ़त दिला दी।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज के दिन आपको सूझबूझ और संयम के साथ काम लेने की आवश्यकता है। लेखकों और कलाकारों के लिए समय अनुकूल है। मध्याह्न के बाद चिंताएं बढ़ सकती हैं। उत्साह कम होगा।

**वृषभ:** आज सभी जरूरी काम पूरे कर सकते हैं। धन लाभ की संभावना है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। दोपहर बाद परेशानी बढ़ सकती है। हठीले स्वभाव से दूर रहें।

**मिथुन:** आज आपको संभलकर चलने की आवश्यकता है। घर में परिजनों का आपके प्रति विरोध रहेगा। शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक व्यग्रता का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता रहेगी। आत्मविश्वास में आज वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज लाभ के योग हैं ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी रमणीय स्थल पर पर्यटन का आयोजन होगा। परंतु मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। आंख के रोगों से कष्ट बढ़ सकता है।

**सिंह:** नए कार्य का आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलेगा। व्यापार के क्षेत्र में नए संपर्कों से भविष्य में लाभ होने की संभावना में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आपके व्यवसाय से अन्य व्यापारी भी धन लाभ ले पाएंगे। स्वास्थ्य संभालकर चलें। मध्याह्न के बाद कार्यालय में ऊपरी अधिकारी का सहकार मिलेगा। गृहस्थों को सुख और संतोष की भावना आज मिलेगी।

**तुला:** शिथिलता एवं अधिक कार्यभार के कारण मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा। निर्धारित समय में आप अपना कार्य पूर्ण कर पाएंगे। खानपान का खास ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद खुशखबरी मिल सकती है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। व्यापार में भी लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक:** प्रातःकाल के समय आपकी शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रफुल्लितता बनी रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ खान-पान का स्वाद ले पाएंगे। मध्याह्न के बाद आलस्य का अनुभव करेंगे। मध्याह्न के बाद खान-पान का ध्यान रखें। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति में रुचि बढ़ेगी।

**धनु:** आपका आज का दिन आनंदपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहेगा। आपके कार्य योजनानुसार संपन्न होंगे। अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर:** परिश्रम की अपेक्षा कम फल मिलेगा। फिर भी कार्य के प्रति निष्ठा में कमी नहीं आ पाएगी। स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा और बाहरी खान-पान से दूर रहें।

**कुंभ:** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है ऐसा गणेशजी कहते हैं। पिता और सरकार की ओर से लाभ होगा। कार्यसफलता में कोई बाधा नहीं आएगी। बाहरी खान-पान संभव हो तो टालें। पठन-लेखन के क्षेत्र में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मीन:** परिजनों और मित्रों के साथ खान-पान का आयोजन होगा। दैनिक कार्य भी आत्मविश्वास और एकाग्र मन से पूर्ण कर पाएंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। पिता से लाभ होगा।

# 'क्रिसमस ट्री' लगाने की परंपरा जानिए क्यों अहम मानी जाती है

ईसाई धर्म के लोगों के लिए सबसे बड़ा त्योहार माना जाने वाला क्रिसमस दुनियाभर में जोर शोर से मनाया जाता है. 25 दिसंबर को यीशू मसीह के जन्मदिवस के रूप में मनाए जाने वाले इस दिन की रौनक देखने लायक होती है. इस त्योहार पर बाजार में क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज और गिफ्ट्स की सजावट की जाती है. लोग भी अपने घरों को सजाने के लिए शॉपिंग करते हैं. क्रिसमस से पहले देशभर में बाजारों की रौनक देखने लायक है. लोग क्रिसमस के लिए खास तैयारियां करते हैं. वहीं क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री लगाने की भी परंपरा काफी अहम मानी जाती है. क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री को भी काफी सजाया जाता है.

माना जाता है कि क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री सजाने की परंपरा जर्मनी से शुरू हुई थी. इसके बाद 19वीं सदी से यह परंपरा इंग्लैंड में पहुंची और वहां से पूरे विश्व में यह परंपरा फैल गई. वहीं क्रिसमस ट्री की कहानी प्रभु यीशु मसीह के जन्म से मानी जाती है.



जब उनका जन्म हुआ था तब उनके माता-पिता मरियम और जोसेफ को बधाई देने वालो में स्वर्गदूत भी थे. जिन्होंने एक सदाबहार फर को सितारों से जगमगा दिया था. इसके बाद से ही सदाबहार क्रिसमस फर के पेड़ को क्रिसमस ट्री के रूप में पहचान मिली. क्रिसमस ट्री की सजावट के लिए लोग इसमें मोमबत्तियां, टॉफियां, केक, लाइटें आदि लगाते हैं. वहीं मान्यता है कि क्रिसमस ट्री सजाने से घर के बच्चों की उम्र बढ़ती है. साथ ही इससे बुरी आत्माएं दूर होती हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है.

# लगातार तीसरे दिन तेल की कीमतों में कमी, 12 महीने बाद इतना सस्ता हुआ पेट्रोल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल, डीजल के दाम में रविवार को फिर लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। पेट्रोल का भाव देश की राजधानी दिल्ली में 70.07 रुपये लीटर हो गया है जो जनवरी 2018 के बाद का सबसे निचला स्तर है। 4 अक्टूबर 2018 को दिल्ली में पेट्रोल का भाव 84 रुपये प्रति लीटर के रेकॉर्ड उच्च स्तर पर चला गया था।

कोलकाता, मुंबई और चेन्नै में



हालांकि पेट्रोल का भाव इस साल के सबसे निचले स्तर पर है। इंडियन ऑइल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नै में पेट्रोल की कीमतें क्रमशः 70.07 रुपये, 72.16 रुपये, 75.69 रुपये और 72.70 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम क्रमशः 64.01 रुपये, 65.77 रुपये, 66.98 रुपये और 67.58 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

तेल मार्केटिंग कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 20 पैसे प्रति लीटर जबकि चेन्नै में 21 पैसे प्रति लीटर की कटौती की।

## घर में बनाएं मेथी गट्टा रेसिपी

**सामग्री :-**

बेसन- 2 कप, मेथी- 200 ग्राम (बारीक कटी), दही- 2 से 3 टेबलस्पून, तेल- 4 टेबलस्पून, हरा धनिया- 3 टेबलस्पून (बारीक कटा), अदरक- 1 इंच टुकड़ा (बारीक कटा), हरी मिर्च- 1(बारीक कटी), अमचूर- 1/2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, हींग- 2 चुटकी, बेकिंग सोडा- 1 चुटकी, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, राई- 1/4 टीस्पून, जीरा- 1/2 टीस्पून

**विधि :-**

एक बाउल में बेसन, मेथी, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, धनिया पाउडर, बेकिंग सोडा, दही और 2 टीस्पून तेल डाल कर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर 1 टेबलस्पून पानी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। अब हाथों में थोड़ा सा तेल लगाकर आटे के लंबे रोल बनाएं। अब एक




बड़े बर्तन में एक लीटर पानी उबालें। जब पानी उबालने लगे तक इसमें गट्टों को डालकर ढक दें और तेज आंच पर 20 मिनट पका लें। फिर इन्हें पानी से निकालकर ठंडा होने दें। ठंडा होने के बाद

इन्हें 3/4 इंच के टुकड़ों में काट लें। पैन में तेल गरम करें और उसमें जीरा और राई डालकर भून लें फिर इसमें अदरक, हरी मिर्च व नमक, अमचूर डालकर एक मिनट तक भून लें। फिर इसमें गट्टे डालें और 2 मिनट तक पलट-पलट कर क्रिस्प होने तक फ्राय कर लें। गरमा-गर्म गट्टे चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-26

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदिनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू-26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |